विद्यार्थियों ने ली एक भारत श्रेष्ठ भारत की शपथ

देवबंद। गांव कपूरी गोविंदपुर स्थित राजकीय मडल महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करने, जल संचयन तथा राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने की शपथ ली। प्राचार्य डा.विपिन गिरि ने छात्रों को अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि सबसे अच्छे चयनित क्लब को 31 अक्तूबर को पुरस्कृत किया जाएगा डा.एमपी.सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से अवगत कराते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। डा.धीर सिंह और नितिन कुमार भी रहे।

खेल प्रतियोगिता 17 को भायला कॉलेज में

सहारनपुर। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला योजना के तहत देवबंद ब्लाक में ग्रामीण खुली खेल कूद प्रतियोगिताएं भायला के राजकीय डिग्री कालेज में 17 फरवरी को होंगी। इसमें एथलेटिक्स में 100, 200, 400, 800, 1500 व 3 हजार मीटर की दौड़, लंबीकूद, ऊंची कूद आदि प्रतियोगिताएं होंगी।

वीडियो भजन मस्त भांग का घोटा रिलीज

सहारनपुर। खुमरान पुल स्थित होटल में महंत नीलकंठ शर्मा का विडियो भजन मस्त भांग का लोटा रिलिज हुआ जिसे टी-सीरीज कंपनी द्वारा रिलीज किया गया। नगर महापौर संजीव वालिया, पूर्व विधायक राजीव गुंबर, कुलदीप धमीजा दीपक जुनेजा व म्यूजिक डायरेक्टर रोहित कुमार आदि ने पोस्टर दिखाकर भजन को रिलीज किया।